# FROM No.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलक्टर (SDO) बायतु जिला – बाड़मेर मुकाम ..........

भीखाराम वगै. बनाम प्रभुराम वगै.

किस्म मुकदमा 88, 188 नं. 63 सन् 2022

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 28/03/2022 | प्रार्थी/वादी/अपीलांट के वकील श्री रतनाराम गोदारा ने यह प्रार्थना पत्र/वाद/अपील धारा 88, 188 राजस्थान काश्तकारी/भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत पेश किया है। जो दर्ज रजिस्टर हो। विप्रार्थी/प्रतिवादी/रेस्पोडेंट जरिये नोटिस/सम्मन तलब होकर पत्रावली वास्ते जवाब दिनांक 04/04/2022 को पेश हो।<br>सहायक कलक्टर (SDO) बायतु जिला – बाड़मेर | |
| 04/04/2022 | वादी वकील व वादी संख्या-1 उपस्थित। प्रतिवादी संख्या-1 की ओर से वकील श्री खेताराम जाखड़ द्वारा वकालतनामा मय इकबालिया जवाबदावा पेश किया गया जिसे शामिल पत्रावली किया गया। वादी वकील द्वारा वादी साक्ष्य के रूप में PW-1 स्वयं गवाह- प्रभुराम पुत्र बाबूराम जाति- जाट निवासी- डूंगरों की ढाणी तहसील- गिड़ा का शपथ-पत्र पेश किया गया जिसे शामिल पत्रावली किया गया। वादी वकील द्वारा प्रतिवादी संख्या- 2 पर 1/8 की तई किया गया जिसकी कोई इत्तला नहीं चाही गई वादी वकील | प्रभुराम<br>प्रभुराम |

सहायक कलक्टर (SDO) बायतु जिला – बाड़मेर

| तारीख हुक्म | हुक्म कार्यवाही मय इनिशियल्स जज |
| --- | --- |
| | श्री एडवोकेट बहस सुनी गई पत्रावली व पत्रावली में संलग्न राजस्व रेकर्ड का अवलोकन किया गया बाद अवलोकन वादीगण का दावा स्वीकार किया जाकर निर्णय अलग से लिखा जाकर शामिल पत्रावली किया गया। ~~पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज~~ डिक्री पत्र जारी होकर पत्रावली फैसल शुमार हो, दर्ज रजिस्टर हो, दाखिल दफ्तर हो।<br>सहायक कलक्टर (SDO)<br>बायतु<br>जिला – बाड़मेर |

राजस्थान–सरकार

# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बायतु

**(पीठासीन अधिकारी जगदीश सिंह आशिया R.A.S. )**

राजस्व वाद संख्या– 63/2022

| **वादीगण** | **बनाम** | **प्रतिवादीगण** |
|---|---|---|
| 1. भींखाराम पुत्र प्रभूराम,<br>2. बाबूराम पुत्र प्रभूराम,<br>3. खेताराम पुत्र प्रभूराम,<br>जाति–जाट, निवासी– भोमाणियों की ढाणी, सवाऊ पदमसिंह,<br>तहसील–गिड़ा, जिला–बाड़मेर | | 1. प्रभूराम पुत्र कोंजाराम,<br>2. मेगाराम पुत्र कोंजाराम,<br>3. खरथाराम पुत्र कोंजाराम,<br>4. गोमी देवी पत्नी गुलाराम,<br>5. नारणाराम पुत्र डालूराम,<br>6. राणाराम पुत्र डालूराम,<br>7. रावताराम पुत्र डालूराम,<br>8. अणदाराम पुत्र मेगाराम,<br>9. खेताराम पुत्र मेगाराम,<br>10. गुलाराम पुत्र मेगाराम,<br>11. नेनाराम पुत्र मेगाराम,<br>12. गोरधनराम पुत्र मेगाराम,<br>13. नवलाराम पुत्र मेगाराम,<br>14. जेठी देवी पत्नी दुदाराम,<br>15. तुलछी देवी पत्नी जोगाराम,<br>16. रम्भा देवी पत्नी बाबुराम,<br>जाति–जाट, निवासी– भोमाणियों की ढाणी, सवाऊ पदमसिंह,<br>तहसील–गिड़ा, जिला–बाड़मेर<br>17. मिरों देवी पत्नी शंकराराम,<br>जाति– जाट, निवासी– चीबी, चीबी<br>तहसील गिड़ा जिला – बाड़मेर। |

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955.

उपस्थित :– 1. श्री रतनाराम जाखड़ वकील वादीगण
2. श्री खेताराम जाखड़ वकील प्रतिवादी संख्या 01

–: **निर्णय** :– **दिनांक** : 04/04/2022

वादी का वाद संक्षिप्त में इस प्रकार हैं कि वादी ने यह राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत विरूद्ध प्रतिवादीगण प्रस्तुत कर यह निवेदन किया कि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पैतृक भूमि मौजा भोमाणियों की ढाणी, पटवार मण्डल सवाऊ पदमसिंह तहसील गिड़ा के खेत खसरा नम्बर 221 रकबा 17.3691 हैक्टेयर व मौजा अमरजी की ढाणी, पटवार हल्का सवाऊ पदमसिंह तहसील गिड़ा खेत खसरा नं. 396 रकबा क्रमशः 5.6089 हेक्टयर मौजा सुन्तला की ढाणी पटवार हल्का सवाऊ मुलराज तहसील गिड़ा जिला बाड़मेर के खेत खसरा नं. 01 रकबा 42.3058 हैक्टयर की आई हुई है। वादी व प्रतिवादी संख्या–1, पूर्वज कोंजाराम के वंशज है तथा प्रतिवादी संख्या 1 वादी के पिता है। वादग्रस्त भूमि वक्त सेटलमेंट से वादी के दादा के कब्जे काश्त की थी तथा सेटलमेन्ट के समय वादी के दादा के नाम से पर्चा लगान जारी हुआ व वादग्रस्त भूमि पर वादी व प्रतिवादी संख्या 1 का संयुक्त रूप से कब्जा काश्त है। इस प्रकार

उपखण्ड अधिकारी बायतु
जिला–बाड़मेर

वादग्रस्त भूमि वादी की पैतृक भूमि है और वादी अपने पैतृक भूमि में सहखातेदारी घोषित करवाने के अधिकारी है और हिन्दू उतराधिकार अधिनियम के तहत वादी का वादग्रस्त भूमि में पैतृक हिस्सा है व हिस्से अनुसार मौके पर बहामी बटंवारा किया हुआ है तथा वादी अपने हिस्से की भूमि पर बहामी बंटवाड़ा अनुसार काबिज है। क्योंकि हिन्दू उतराधिकार अधिनियम की धारा 6 के अनुसार हिन्दू पुरूश के पुत्र, पौत्र एवं प्रपौत्र का विधि अनुसार जन्म से ही सहदायिकी अर्थात पैतृक सम्पति में अधिकार प्राप्त हो जाता है। अतः वादग्रस्त भूमि में वादी को प्रतिवादी संख्या 1 के साथ सहखातेदार काश्तकार घोषित करवाने का अधिकारी है एवं जिस हेतु घोषणा का वाद इस न्यायालय में पेश किया गया है।

वादी का वाद दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिवादी संख्या 1 जरिये अधिवक्ता उपस्थित होकर, इकबाली जवाब लिखित में पेश कर, वादी द्वारा प्रस्तुत वाद पत्र के समस्त पदों को स्वीकार करते हुए वादग्रस्त भूमि में वादी को सहखातेदार घोषित करने की पूर्ण सहमति प्रदान की है। वादी द्वारा साक्ष्य के रूप में स्वयं भींखाराम पुत्र प्रभूराम का शपथ पत्र PW 1, स्वतंत्र गवाह के रूप में प्रभूराम पुत्र बाबुराम का शपथ पत्र PW 1 पेश किये गये। प्रतिवादी संख्या 1 द्वारा साक्ष्य के रूप में स्वयं का शपथ पत्र DW 1 पेश किया गया।

न्यायालय द्वारा पत्रावली के संलग्न दस्तावेजों का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया तथा वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 व उनके अधिवक्ता को सुना गया। बाद अवलोकन पाया गया कि उक्त वादग्रस्त भूमि वक्त सेटलमेंट से वादी के दादा व प्रतिवादी संख्या–1 के पिता के कब्जे काश्त की थी एवं सेटलमेन्ट के समय वादी के दादा व प्रतिवादी संख्या–1 के पिता के नाम से पर्चा लगान जारी हुआ था तथा वादी व प्रतिवादी संख्या–1 उनके पूर्वज कोंजाराम के विधिक वारिसान् है तथा हिन्दू उतराधिकार अधिनियम के तहत वादी व प्रतिवादी संख्या–1 का वादग्रस्त भूमि में पैतृक हिस्सा बनता है व वादग्रस्त समस्त भूमि में प्रतिवादी संख्या–1 के हिस्से के साथ वादी सहखातेदार घोषित करवाने के अधिकारी है।

अतः वादी द्वारा प्रस्तुत किया गया वाद–पत्र स्वीकार कर, डिकी किया जाता है व अन्तिम डिक्री इस आशय की जारी की जाती है कि मौजा भोमाणियों की ढाणी, पटवार मण्डल सवाऊ पदमसिंह तहसील गिड़ा के खेत खसरा नम्बर 221 रकबा 17.3691 हैक्टेयर व मौजा अमरजी की ढाणी, पटवार हल्का सवाऊ पदमसिंह तहसील गिड़ा खेत खसरा नं. 396 रकबा क्रमशः 5.6089 हेक्टयर मौजा सुन्तला की ढाणी पटवार हल्का सवाऊ मुलराज तहसील गिड़ा जिला बाड़मेर के खेत खसरा नं. 01 रकबा 42.3058 हैक्टयर में प्रतिवादी संख्या 1 के साथ, वादी को सहखातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। वादग्रस्त भूमि पूर्व की भांति संबंधित बैंक में रहन रहेगी। निर्णय अनुसार डिक्री पर्चा जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार हो, दर्ज नम्बर से कम हो, दाखिल दपतर हो।

सहायक कलक्टर (SDO) बायतु

(जगदीश सिंह आशिया)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बायतु

निर्णय आज दिनांक 04/04/2022 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी बायतु
जिला-बाड़मेर

सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी, बायतु

# अन्तिम डिक्री

(आदेश 20 के नियम 6 और 7)

## न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी, बायतु

पीठासीन अधिकारी श्री जगदीश सिंह आशिया R.A.S.

वादीगण

1. भींखाराम पुत्र प्रभूराम,
2. बाबूराम पुत्र प्रभूराम,
3. खेताराम पुत्र प्रभूराम,

जाति–जाट, निवासी– भोमाणियों की ढाणी, सवाऊ पदमसिंह, तहसील–गिड़ा, जिला–बाड़मेर

**बनाम**

**प्रतिवादीगण**

1. प्रभूराम पुत्र कोंजाराम वगैरह 18, जाति–जाट, निवासी– भोमाणियों की ढाणी, सवाऊ पदमसिंह, तहसील–गिड़ा, जिला–बाड़मेर

**दावा बाबत 88, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955**

राजस्व वाद संख्या– 63 / 2022. **निर्णय दिनांक :–**

वादीगण वकील श्री रतनाराम जाखड़ व प्रतिवादी वकील खेताराम व प्रतिवादी संख्या 1 की उपस्थिति में इस वाद में आज तारीख 04/04/2022 को न्यायालय में (नाम पीठासीन अधिकारी) जगदीश सिंह आशिया, सहायक कलक्टर व उपखण्ड अधिकारी बायतु के समक्ष अन्तिम निर्णय किया जाता है और डिक्री दी जाती है कि :–

वादीगण का वाद पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा भोमाणियों की ढाणी, पटवार मण्डल सवाऊ पदमसिंह तहसील गिड़ा के खेत खसरा नम्बर 221 रकबा 17.3691 हैक्टेयर व मौजा अमरजी की ढाणी, पटवार हल्का सवाऊ पदमसिंह तहसील गिड़ा खेत खसरा नं. 396 रकबा क्रमशः 5.6089 हेक्टयर मौजा सुन्तला की ढाणी पटवार हल्का सवाऊ मुलराज तहसील गिड़ा जिला बाड़मेर के खेत खसरा नं. 01 रकबा 42.3058 हैक्टयर में प्रतिवादी संख्या 1 के साथ, वादीगण को सहखातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। तहसीलदार गिड़ा निर्णयानुसार राजस्व रेकर्ड में अमलदरामद करें।

खर्चा वाद पक्षकारान अपना–अपना वहन करेंगे।

यह आज तारीख 04/04/2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी की गई।

(जगदीश सिंह आशिया)
उपखण्ड अधिकारी, बायतु

सहायक कलक्टर (SDO) बायतु

**वाद के खर्चे**

| वादी | | प्रतिवादी | |
|---|---|---|---|
| | रुपया | | रुपया |
| 1. वाद पत्र के लिए स्टाम्प | | शक्ति पत्र के लिए स्टाम्प | |
| 2. शक्ति पत्र के लिए स्टाम्प | | अर्जी के लिए स्टाम्प | |
| 3. प्रदर्शों के लिए स्टाम्प | | प्लीडर की फीस | |
| 4. ............ रुपये पर प्लीडर की फीस | | साक्षियों के लिए निर्वाह व्यय | |
| 5. साक्षियों के लिए निर्वाह–व्यय | | आदेशिका की तामील | |
| 6. कमिश्नर की फीस | | कमिश्नर की फीस | |
| 7. आदेशिका की तामिल | | | |
| जोड़ | | जोड़ | |